# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची
## वार्षिक परीक्षा
## मॉडल प्रश्न पत्र
## सत्र : 2023-24

| कक्षा- 11 | विषय- हिंदी (ऐच्छिक) | निर्धारित समय- 1 घंटे | अधिकतम अंक - 40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश-**

- There are 40 Multiple Choice  Questions in this Question Booklet.
  **इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं।**
- All questions are compulsory. Each question carries 1 mark.
  **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है।**
- No marks will be deducted for wrong answer.
  **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटा जाएगा।**
- Four options (A,B,C,D) are given for each question. You have to select the most suitable option.
  **प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प (A,B,C,D) दिए गए हैं। इनमें से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

---

**खंड – 'क' (अपठित बोध)**

**निम्नलिखित गद्यांश को  ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 01 से 04 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

भाग्य और पुरुषार्थ कार्य-कारण की तरह एक-दूसरे से जुड़े हैं। पुरुषार्थ यदि नहीं होगा तो भाग्य भला कहाँ से आएगा? जब आदमी में पुरुषार्थ और संकल्प-शक्ति होगी तभी सफलता मिलेगी। जैसा बीज बोया जाएगा, फल वैसा ही तो मिलेगा। इसलिए हमें चाहिए कि हम अधिकाधिक पुरुषार्थ करें।

01. उपर्युक्त गद्यांश का सबसे उपयुक्त शीर्षक होगा -

A. भाग्य B. पुरुषार्थ

C. सफलता D. संकल्प-शक्ति

02. किस वाक्य से यह अर्थ निकलता है कि कर्मानुसार ही फल मिलेगा?

A. भाग्य और पुरुषार्थ कार्य-कारण की तरह एक दूसरे से जुड़े हैं।

B. जब आदमी में पुरुषार्थ और संकल्प-शक्ति होगी तभी सफलता मिलेगी।

C. जैसा बीज बोया जाएगा, फल वैसा ही तो मिलेगा।

D. हम अधिकाधिक पुरुषार्थ करें।

03. अनुच्छेद में क्या संदेश दिया गया है ?

A. भाग्यवादी बनने का B. पुरुषार्थ करने का

C. अच्छा बीज बोने का D. फल प्राप्त करने का

04. 'संकल्प-शक्ति' में कौन-सा समास है -

A. तत्पुरुष समास B. बहुव्रीहि समास

C. कर्मधारय समास D. अव्ययीभाव समास

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 05 से 08 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

जाति! हाय री जाति! कर्ण का हृदय क्षोभ से डोला,
कुपित सूर्य की ओर देखकर वह वीर क्रोध से बोला
जाति जाति रटते, जिनकी पूँजी केवल पाखंड
मैं क्या जानूँ जाति? जाति हैं ये मेरे भुजदंड।

05. इन पंक्तियों में कवि ने किस चीज की चर्चा की है?

A. जाति भेद की B. लिंग भेद की

C. रंग भेद की D. तीनों की

06. कौन केवल जाति-जाति रटते हैं?

A. वीर B. कुपित

C. पाखंडी D. भुजदंडी

07. सबसे उपयुक्त शीर्षक चुनें :-

A. पाखंड B. भुजदंड

C. वीर D. जाति

08. 'मैं क्या जानूँ जाति?' में कौन-सा अलंकार है -

A. रूपक अलंकार B. प्रश्न अलंकार

C. उपमा अलंकार D. पुनरुक्तिप्रकाश अलंकार

**खंड – 'ख'**

**(रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम)**

09. छापाखाना से संबंधित निम्न में से सही जोड़ा कौन-सा है?

A. 1556 - गोवा B. 1558 - अहमदाबाद

C. 1555 - सूरत D. 1556 - अहमदाबाद

10. हिंदी में प्रकाशित होने वाला पहला समाचार पत्र का नाम है-

A. आज B. उदंत मार्तंड

C. अमर उजाला D. मतवाला

11. समाचार में कितने प्रकार के ककारों का प्रयोग किया जाता है?

A. एक B. दो

C. चार D. छह

12. किस प्रकार के पत्र व्यवहार में अभिनिवेदन (समापन) 'भवदीय' का प्रयोग होता है?

A. औपचारिक B. अनौपचारिक

C. दोनों में D. इनमें से कोई नहीं

13. समाचार पत्र की नीति, सोच और विचारधारा की अभिव्यक्ति होती है-

A. पत्र लेखन में B. फ़ीचर लेखन में

C. रिपोर्ट लेखन में D. संपादकीय लेखन में

14. किसी एक विषय पर सर्वांगपूर्ण तथा सम्यक लिखित विचार कहलाता है:-

A. प्रतिवेदन B. रूपक

C. आलेख D. रिपोर्ट

15. 'संचार अनुभवों की साझेदारी है।'- किस प्रसिद्ध संचार शास्त्री का कथन है?

A. विल्बर श्रैम B. ओप्रा विनफ्रे

C. गौरी लंकेश D. रवीश कुमार

16. प्रिंट माध्यम के आविष्कार का श्रेय किसको है?

A. गुटेनबर्ग B. रेनेसा

C. युगल किशोर D. मार्कोनी

17. मुद्रण, ध्वनि, दृश्य, फिल्म आदि सभी प्रकार के संचार माध्यमों का संगम कहलाता है-

A. समाचार पत्र B. आलेख

C. इंटरनेट D. टेलीविजन

18. संचार प्रक्रिया में 'डीकोडिंग' का क्या अर्थ है?

A. प्राप्त संदेश में निहित अर्थ को समझना B. संदेश की भाषा का चयन करना

C. प्राप्तकर्ता द्वारा दिया गया फिडबैक D. संचार प्रक्रिया में उत्पन्न बाधा

**खंड – 'ग' (पाठ्यपुस्तक)**

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19 से 22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

खेलन में को काको गुसैयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैयाँ॥
जाति-पाँति हमतैं बड़ नाहीं, नाहीं बसत तुम्हारी छैयाँ।
अति अधिकार जनावत यातै, जातैं अधिक तुम्हारै गैयाँ।
रुहठि करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ-तहँ ग्वैयाँ।
सूरदास प्रभु खेल्यौइ चाहत, दाऊँ दियौ करि नंद-दुहैयाँ॥

19. प्रस्तुत पंक्तियों के कवि हैं?

A. सूरदास B. देव

C. पद्माकर D. कबीर

20. उपर्युक्त पंक्तियों के केंद्र में क्या है?

A. करुणा B. वीरता

C. वैराग्य D. वात्सल्य

21. यहाँ किनके बीच संवाद हो रहा है?

A. सूरदास-कृष्ण के बीच B. नंद-कृष्ण के बीच

C. कृष्ण-सुदामा के बीच D. कृष्ण-बलराम के बीच

22. ये पंक्तियाँ किस भाषा में रचित हैं?

A. खड़ीबोली B. ब्रजभाषा

C. उर्दू D. अवधी

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

23. कबीरदास किस काल के कवि हैं?

A. भक्तिकाल B. आधुनिक काल

C. रीतिकाल D. आदिकाल

24. देव की रचना 'हँसी की चोट' का छंद है:-

A. दोहा B. चौपाई

C. सवैया D. घनाक्षरी

25. 'घर में वापसी' कविता आधुनिक जीवन की किस समस्या से सामना कराती है?

A. गरीबी से संघर्षरत परिवार की समस्या

B. आधुनिक जीवन शैली के दुष्परिणाम

C. नशीले पदार्थों के सेवन से उत्पन्न समस्याएँ

D. इनमें से कोई नहीं

26. 'जाग तुझको दूर जाना' कविता क्या प्रेरणा देती है?

A. मोह-माया के बंधन में जकड़े मानव को जगाने की

B. अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने की

C. कठिनाइयों का सामना करने की

D. इनमें से सभी

27. 'बादल को घिरते देखा है' कविता में किस महान कवि का जिक्र हुआ है ?

A. सुमित्रानंदन पन्त B. जयशंकर प्रसाद

C. कालिदास D. महादेवी वर्मा

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

कितना सुंदर संचालन है, कितनी सुंदर व्यवस्था। लाखों सिर एक साथ सिजदे में झुक जाते हैं, फिर सब-के-सब एक साथ खड़े हो जाते हैं, एक साथ झुकते हैं, और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते हैं। कई बार यही क्रिया होती है, जैसे बिजली की लाखों बत्तियाँ एक साथ प्रदीप्त हों और एक साथ बुझ जाएँ और यही क्रम चलता रहे।

28. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

A. गूँगे　　B. टार्च बेचने वाले

C. दोपहर का भोजन　　D. ईदगाह

29. उपर्युक्त गद्यांश में किसका वर्णन है?

A. ईद के नमाज का　　B. मेले का

C. जुलूस का　　D. इनमें से कोई नहीं

30. 'सिजदे ' शब्द का क्या अर्थ है?

A. मेला देखना　　B. नमाज पढ़ते समय माथा टेकने की क्रिया

C. खड़ा होना　　D. लेट जाना

31. प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक हैं-

A. अमरकांत　　B. रांगेय राघव

C. प्रेमचंद　　D. हरिशंकर परसाई

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

32. 'दोपहर का भोजन' शीर्षक पाठ में किस ऋतु का वर्णन है?

A. वर्षा ऋतु　　B. ग्रीष्म ऋतु

C. बसंत ऋतु　　D. शीत ऋतु

33. 'टॉर्च बेचने वाले' पाठ में लेखक ने किस पर प्रहार किया है ?

A. छुआ-छूत　　B. भ्रष्टाचार

C. आस्थाओं का बाज़ारीकरण　　D. रीति-रिवाज़

34. 'गूँगे' कहानी में लेखक ने किन लोगों को गूँगा-बहरा कहा है?

A. भ्रष्टाचारी लोगों को　　B. आलसी लोगों को

C. संवेदनहीन लोगों को　　D. कंजूस लोगों को

35. 'ख़ानाबदोश' किस विधा की रचना है?

A. कहानी　　B. संस्मरण

C. डायरी　　D. उपन्यास

36. जिस परिवार में पिता बौद्ध, माता ईसाई, बेटी मुसलमान और बेटा सत्यधर्मी हो वह परिवार एक आदर्श परिवार है। आदर्श परिवार के बारे में यह किनकी अवधारणा है?

A. सावित्री बाई फुले　　B. प्रेमचंद

ICERT

C. अमरकांत D. ज्योतिबा फुले

37. 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' किस विधा की रचना है?

A. उपन्यास B. आत्मकथा

C. जीवनी D. निबंध

38. अंतराल भाग-1 में संकलित 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' में हुसैन के जीवन की किस अवस्था का वर्णन है?

A. युवा और बुढ़ापा B. बचपन और युवा

C. बुढ़ापा D. बचपन और बुढ़ापा

39. विष्णु प्रभाकर रचित 'आवारा मसीहा' किस महान साहित्यकार की जीवनी है?

A. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय B. रवींद्रनाथ टैगोर

C. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला D. शरतचंद्र चट्टोपाध्याय

40. शरत और महेंद्र को घर पर पढ़ाने के लिए आने वाले शिक्षक का क्या नाम था?

A. अघोरनाथ B. अक्षय पंडित

C. ठाकुरदास D. सुरेंद्र नाथ

# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

## उत्तर पत्रक

## हिंदी (ऐच्छिक)

## वर्ग-11

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | B | 11 | D | 21 | C | 31 | C |
| 02 | C | 12 | A | 22 | B | 32 | B |
| 03 | B | 13 | D | 23 | A | 33 | C |
| 04 | A | 14 | C | 24 | C | 34 | C |
| 05 | A | 15 | A | 25 | A | 35 | A |
| 06 | C | 16 | A | 26 | D | 36 | D |
| 07 | D | 17 | C | 27 | C | 37 | B |
| 08 | B | 18 | A | 28 | D | 38 | B |
| 09 | A | 19 | A | 29 | A | 39 | D |
| 10 | B | 20 | D | 30 | B | 40 | B |